मत्स्य निदेशालय,
नया सचिवालय, विकास भवन, बेली रोड, पटना, बिहार।

पत्रांक–म० / बजट–12 / 2025 ....15.... / मत्स्य / पटना, दिनांक–01/01/2026

## आदेश

विभागीय राज्यादेश संख्या–1993, दिनांक–07.05.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में बिहार राज्य के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत राज्य में एस0टी0 जनसंख्या के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) के अंतर्गत लाभुक–आधारित केन्द्रांश ₹75.00 लाख (पचहत्तर लाख रूपया मात्र), राज्यांश ₹49.77 लाख (उनचास लाख सतहत्तर हजार रूपया मात्र) तथा ₹13.825 लाख (तेरह लाख बयासी हजार पाँच सौ रूपया मात्र) टॉप–अप अर्थात कुल ₹138.595 लाख (एक करोड़ अड़तीस लाख उनसठ हतार पाँच सौ रूपया मात्र) की लागत पर योजना की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ हीं, उक्त योजान्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा SNA SPARSH प्रणाली में विमुक्त प्रथम किस्त की ₹37.50 लाख केन्द्रांश मदर सैक्शन के आलोक में विभागीय आदेशांक संख्या–6 एस0एस0(6) 23 / 2025–4153 दिनांक–16.09.2025 द्वारा कुल ₹69.4445 लाख (₹37.5 लाख केन्द्रांश मदर सैंक्शन, अनुपातिक ₹25.00 लाख राज्यांश एवं ₹6.9445 लाख टॉप–अप राज्यांश राशि) राशि के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है, तथा आवंटनादेश संख्या–म०बजट–12 / 2025–62, दिनांक–23.09.2025 द्वारा आवंटनादेश निर्गत है।

वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या–15 / बी0एस0जी0–57 / 25 / 410 / वि0, दिनांक–12.06.2025 के द्वारा SNA SPARSH प्रणाली में अधिसूचित केन्द्र प्रायोजित स्कीमों (यथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना) के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्गत दिशा–निर्देश के आलोक में उपर्युक्त व्यय हेतु स्वीकृत केन्द्रांश राशि, समानुपातिक राज्यांश राशि एवं टॉप–अप मद की राज्यांश अनुदान राशि का 54:36:10 अनुपात में विकलन मांग संख्या–02, मुख्य शीर्ष–2405–मछली पालन, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–796, जनजातीय क्षेत्र उप योजना, उप शीर्ष–0201–नीली क्रान्ति समेकित विकास एवं मत्स्य पालन के प्रबंधन (प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना) (पी0एम0एम0एस0वाई0), विपत्र कोड–02–2405007960201 के विषय शीर्ष–0201.3301–सब्सिडी मद में उपबंधित राशि से किये जाने का आदेश निर्गत है।

इसी क्रम में वित्त विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–e.gov/PFMS-02/2022-12635, दिनांक–12.12.2025 द्वारा केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के अन्तर्गत राज्यांश के निर्धारित अनुपात से अधिक राशि (Top-up) भुगतान के संबंधित निर्गत प्रक्रिया के आलोक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत राज्य के एस0टी0 जनसंख्या के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु निम्न आदेश दिया जाता है :–

1. उक्त योजनान्तर्गत लाभार्थियों को देय कुल अनुदान राशि का 90% राशि (54% केन्द्रांश एवं 36% राज्यांश) का भुगतान SNA SPARSH प्रणाली तथा
2. शेष 10% अनुदान राशि (टॉप–अप राशि) का भुगतान CFMS 2.0 प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।
3. DAJGUA योजनान्तर्गत लाभार्थी / प्राप्तकर्ता को अनुमान्य अनुदान राशि के भुगतान के पूर्व संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी यह सुनिश्चित कर लेंगे कि SNA SPARSH के माध्यम से केन्द्रांश एवं समानुपातिक राज्यांश (90% अनुदान राशि) का भुगतान के तत्पश्चात् CFMS के माध्यम से Top-up राशि (10% अनुदान राशि) का भुगतान के कारण लाभार्थी / प्राप्तकर्ता भ्रमित नहीं होगा।

उक्त प्रस्ताव पर अपर मुख्य सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –.....14......... / मत्स्य / पटना, दिनांक–..01. / .01.. / 2026

प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –.....14......... / मत्स्य / पटना, दिनांक–..01. / ..01.. / 2026

प्रतिलिपिः– वित्त विभाग (योजना एवं बजट शाखा)/ योजना एवं विकास विभाग / आंतरिक वित्तीय सलाहकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –.....14......... / मत्स्य / पटना, दिनांक–..01. / ..01.. / 2026

प्रतिलिपिः– मुख्य कार्यपालक, राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (NFDB), पिलर नम्बर–235, पी0वी0एन0आर0 एक्सप्रेस वे, पोस्ट– एन0बी0पी0एन0पी0ए0, हैदराबाद–500052 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –.....14......... / मत्स्य / पटना, दिनांक–..01. / ..01.. / 2026

प्रतिलिपिः– सभी संयुक्त मत्स्य निदेशक / सभी उप मस्त्य निदेशक / सभी जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –.....14......... / मत्स्य / पटना, दिनांक–..01. / ..01... / 2026

प्रतिलिपिः– मत्स्य निदेशालय के योजना शाखा / बजट शाखा / लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –.....14......... / मत्स्य / पटना, दिनांक–..01.. / ..01.. / 2026

प्रतिलिपिः– विभाग के सभी पदाधिकारी / योजना शाखा कार्यवाह सहायक प्रशाखा पदाधिकारी को अतिरिक्त पाँच प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –....14....../ मत्स्य / पटना, दिनांक–...01 / ...01.. / 2026.

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –....14....../ मत्स्य / पटना, दिनांक–...01 / ...01.. / 2026.

प्रतिलिपिः– निदेशक (मात्स्यिकी एवं प्रसार), मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –....14....../ मत्स्य / पटना, दिनांक–...01. / ...01.. / 2026

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

ज्ञापांकः– म० / बजट–12 / 2025 –....14....../ मत्स्य / पटना, दिनांक–...01. / ...01.. / 2026.

प्रतिलिपिः– विभागीय आई०टी० मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेत सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/12/25
निदेशक मत्स्य

(4)